# कार्यालय जिला जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

क्रमांक /4405 / मनरेगा / नियुक्ति / 2017 बलरामपुर, दिनांक 28/07/2017

प्रति,

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी
(एन.आई.सी.)
जिला बलरामपुर–रामानुजगंज

विषय :– **जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज में महात्मा गॉधी नरेगा अन्तर्गत जनपद पंचायत स्तर के रिक्त पदों पर पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने के सम्बन्ध में।**

–0–

विषयान्तर्गत जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज में महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना अन्तर्गत जनपद पंचायत स्तर पर रिक्त पद पर भर्ती किया जाना है।

अतः जिला / जनपद स्तर पर रिक्त पद की भर्ती हेतु संलग्न विज्ञापन का प्रारूप जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के बेवसाईट www.balrampur.gov.in पर प्रकाशित किये जाने का कष्ट करें।

संलग्न :– विज्ञापन की प्रति।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज

पृष्ठां. क्रमांक /4406 / स्था. / नियुक्ति / 2016 बलरामपुर, दिनांक 28/07/2017

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, महात्मा गॉधी नरेगा, नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) जिला बलरामपुर–रामानुजगंज की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जन सम्पर्क अधिकारी जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।
4. संवाददाता..........................................................को अग्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञापन सरगुजा संभाग के क्षेत्रीय पृष्ठ पर न्यूनतम आकार में रूपये 5000.00 (पॉच हजार रूपये) वित्तीय सीमा के भीतर प्रकाशित करने का कष्ट करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज

# कार्यालय जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

क्रमांक/4405/स्था/MGNREGA/2017 बलरामपुर दिनांक 28/07/2017

## विज्ञापन

**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि – 11/08/2017**

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक/806/पं.ग्रा.वि. वि./22/2011/रायपुर दिनांक 06.04.2011, विकास आयुक्त कार्यालय के पत्र क्रमांक/2267/वि–7/मनरेगा/167/2011 दिनांक 01.10.2011 एवं छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक/355/पं.ग्रा.वि.वि./22/2012/रायपुर दिनांक 22.02.2012 द्वारा दिए गए निर्देशों एवं पदों के स्वीकृति के आधार पर मनरेगा अन्तर्गत निम्नलिखित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तरीय पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

### विज्ञापित पदों का विवरण

| क्र. | रिक्त पद का नाम | मासिक संविदा वेतन | रिक्त पदों की संख्या | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा | योग |
| 1 | तकनीकी सहायक | 18900.00 | 01 | — | — | — | 01 | 01 |
| 2 | सहायक प्रोग्रामर | 20342.00 | 01 | — | — | — | 01 (महिला) | 01 |
| 3 | लेखापाल | 13776.00 | 02 | — | — | 01 | 01 | 02 |
| योग | | | 03 | — | — | 01 | 02 | 03 |

नोट :–

1. महिलाओं का शासन के नियमानुसार 30 प्रतिशत समस्तरीय एवं प्रवर्गवार आरक्षण दिया जावेगा।
2. विकलांगों को शासन के नियमानुसार 6 प्रतिशत समस्तरीय आरक्षण दिया जावेगा।
3. भूतपूर्व सैनिकों को शासन के नियमानुसार 10 प्रतिशत समस्तरीय आरक्षण दिया जावेगा।
4. अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।
5. आरक्षण की गणना अजा/अजजा संवर्ग के लिए बैकलॉग रिक्त पद समाहित कर ली गई है।
6. जिन आवेदकों के 02 से अधिक संतानें हों, जिनमें से 01 का जन्म 01.01.2001 या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करें।

**आयु सीमा :–**

"छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012" के अनुसार दिनांक 01.01.2017 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होनी चाहिए। छ.ग.शासन के नियमानुसार/निर्देशानुसार आयु सीमा में छूट मान्य होगी।

**न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता :–**

1. तकनीकी सहायक (मनरेगा)–बी.ई./बी.टेक. (सिविल/कृषि अभियांत्रिकी) अथवा पॉलीटेक्नीक डिप्लोमा अथवा एम.एस.सी. (भौतिक/गणित) अथवा बी.एस. सी. (गणित)
2. बी.ई. कम्प्यूटर सांईस/एम.सी.ए./एम.एस.सी. कम्प्यूटर सांईस एवं डाट नेट टेक्नालाजी/जावा/एम.एस.एस.क्यू.एल./ओरिकल का ज्ञान।
3. **लेखापाल–** द्वितीय श्रेणी में बी.कॉम उत्तीर्ण

**चयन प्रक्रिया :–**

**पद क्रमांक 01 एवं 02 के लिए :–**

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए — 70

2. कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर — 15

**पद क्रमांक 02 के लिए :–**

1. हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 का Weightage देते हुए — 20
2. न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंकों का Weightage देते हुए — 50
4. कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर — 15

**शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव**

न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव — 5
5 वर्ष तक का अनुभव — 10
5 वर्ष से अधिक का अनुभव — 15

**आवेदन की शर्तें :–**

1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त न होने पर उसे अमान्य किया जा सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) के सूचना बोर्ड में भी अवलोकन किया जा सकता है।
2. निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छान–बीन उपरान्त अभ्यर्थियों की सूची जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा।
3. उच्चतर योग्यता/उच्चतर अंक के आधार पर पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उसके आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी।
5. **उपरोक्त पद हेतु जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के उम्मीदवारों से की जावेगी।** आवेदन के साथ निवास प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। उक्त पदों पर अन्य राजस्व जिला से संबंधित आवेदकों के आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और उनका आवेदन पत्र निरस्त माने जावेंगे।
6. विज्ञप्ति अनुसार पदों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है। तद्नुसार नियुक्ति में आरक्षण का पालन किया जाएगा। विज्ञापित पदों में नियुक्ति आवश्यकता एवं औचित्य के आधार पर नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के विवेकाधीन होगी।
7. **आवेदन पत्र दिनांक 11/08/2017 को सायं 05.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) के नाम से भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
8. जाति की पुष्टि हेतु आवेदक को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ही जारी प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. उपरोक्तानुसार एकमुश्त एकजाई वेतन देय होगा। इस वेतन पर विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जावेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
10. शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर मासिक संविदा वेतन देय होगा।
11. यह नियुक्ति दिनांक 28 फरवरी 2018 तक के लिए होगी।
12. शासकीय /अर्धशासकीय (कार्यालय/संस्था) में कार्यरत कर्मचारी अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करेंगे। नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। शासकीय तथा शासन से वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था/निकाय से बर्खास्त/पदच्यूत आवेदक नियुक्ति के लिए अपात्र होगें।
13. रोजगार कार्यालय की जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करें तथा प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करें।
14. विज्ञापित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता धारण न करने वाले अभ्यर्थी आवेदन न करें।
15. लिफाफे के उपर (महात्मा गॉधी नरेगा) एवं आवेदित पद का नाम एवं जाति वर्ग अवश्य लिखें।
16. छत्तीसगढ़ शासन व्दारा समय–समय पर जारी नियम एवं निर्देश के अधीन ही नियुक्ति होगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज